हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 248 देहरादून, मंगलवार, 28 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सीएम धामी के कुशल नेतृत्व में एक साल में हुए ऐतिहासिक फैसले : प्रेमचंद अग्रवाल 3

# धाकड़ मुख्यमंत्री धामी की धमक से ही होगा GMVN और KMVN का संगम !

## मुद्दे पर पर्यटन ब्यूरोक्रेसी के सामने मंत्री महाराज मजबूर या लाचार.?

- लगता है बेलगाम-बेपरवाह है मुद्दे से जुड़ी ब्यूरोक्रेसी.!
- GMVN और KMVN के एकीकरण का लम्बा हुआ इंतज़ार,

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 28 मार्च , कुमाऊं मंडल विकास निगम-गढ़वाल मंडल विकास निगम के एकीकरण की प्रक्रिया राज्य बनने के साथ ही शुरू हो गई थी लेकिन वेतन विसंगति समेत वित्तीय स्थिति तथा अन्य वजहों से यह मामला आगे नहीं बढ़ा। घाटे मंडल विकास निगम की वजह से पर्यटकों को उत्तराखंड आने में भ्रम की स्थिति से भी गुजरना पड़ा था, जिसके बाद अब एकीकरण की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

कई तरह विरोध के बाद कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम के एकीकरण की गाड़ी कभी सरपट दौड़ने लगती है तो कभी पैसेंजर ट्रैन बन

KUMAON MANDAL VIKAS NIGAM LTD. NAINITAL
www.gmvnl.com
GMVN
A Government of Uttarakahnd Enterprise

की वजह से देशभर में केएमवीएन के पर्यटन बुकिंग केंद्रों को बंद करना पड़ा ।दोनों निगमों की औद्योगिक इकाईयां अर्से से बंद हैं। साथ ही बेशकीमती संपत्तियां हैं, जिसका सदुपयोग नहीं हो रहा है। कोविड काल के बाद दोनों निगमों की वित्तीय हालत खस्ता हो गयी। वेतन तक के लिए शासन से सहायता लेनी पड़ी। इसके अलावा कुमाऊं-गढ़वाल जाती है । मौजूदा समय में भी ये चर्चित मुद्दा रफ़्तार नहीं पकड़ पा रहा है। वहीँ पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के इर्दगिर्द रेंग रही ये फ़ाइल फैसले के इंतज़ार में वेंटीलेटर पर है।

साल बीते महीना और दिन बीता मगर फाइल की चाल सिर्फ मीटिंग और बैठकों तक सीमित रही जिसमें दोनों निगमों के एकीकरण को लेकर हुई बैठक में तय हुआ कि पहले दोनों निगमों के कामकाज का एकीकरण, फिर वित्तीय एकीकरण किया जाए। दोनों निगम कंपनी एक्ट में पंजीकृत हैं, इसलिए एकीकरण की कार्रवाई के लिए फर्म हायर करने का भी निर्णय लिया गया। दोनों निगमों की बोर्ड बैठक से अनुमति प्राप्त की जाएगी। एकीकरण की कार्रवाई के लिए लाइम लाइन बनाने के साथ ही वित्तीय ऑडिट कराया जाएगा। प्रस्तावित उत्तराखंड पर्यटन विकास निगम के पदों का ढांचा क्या हो, इस संबंध में अन्य राज्यों की व्यवस्था को दृष्टिगत खाका तैयार होगा। मतलब बाते खूब हुयी , योजनाएं भी बहुत बनायीं गयी लेकिन नतीज़ा आज तक नहीं निकल सका है।





अब ऐसे में चार धाम यात्रा मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों से जिस रफ़्तार से सुपर हिट हो रही है उससे दोनों निगमों पर ज़िम्मेदारियां तो बढ़ रही है मगर ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर , कर्मचारियों और अफसरों के साथ साथ सरकार की भागीदारी को जल्द से जल्द घोषित किए जाने की ज़रूरत प्रतीत हो रही है ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि तमाम मुद्दों पर तेज़ी से फैसले कर रहे धाकड़ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस लंबित एकीकरण पर भी जल्द कोई बड़ा फैसला ले लेंगे क्योंकि धामी को काम पसंद है और फाइलों को अटकाने वाले नापसंद, बात साफ है मुख्यमंत्री धामी का विज़न 2025 न रुकेगा, न थमेगा, न झुकेगा।




## सीएम धामी ने जोशीमठ प्रभावितों के लिए रवाना की राहत सामग्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 28 मार्च , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र के लिए राहत सामग्री के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। यह राहत सामग्री एचडीएफसी बैंक के CSR कार्यक्रम के अंतर्गत दी गई है ।मानव सेवा समाज संस्था द्वारा प्रभावितों को जोशीमठ में यह राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जोशीमठ में प्रभावितों को 1500 गरम पानी के बैग, 01 हजार कंबल, 8 सोलर चलित गीजर, 01 हजार इमरजेंसी सोलर चार्ज लाईट, 20 हजार सेनेटरी पैड, 260 अंगीठी एवं 460 रूम हीटर एचडीएफसी बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ के प्रभावितों के लिए दिए गए इस सहयोग के लिए एचडीएफसी बैंक एवं मानव सेवा समाज संस्था का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा की जोशीमठ के प्रभावितों को पुनर्वास एवं सारी व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से हो, इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। सरकार के सहयोग के लिए संस्थाएं भी आगे आ रही हैं। प्रधानमंत्री ने जोशीमठ प्रभावित क्षेत्र के लिए समीक्षाएं की हैं, केंद्र सरकार की ओर से राज्य को हर संभव सहयोग का आश्वासन मिला है। इस बार के बजट में जोशीमठ के प्रभावित क्षेत्र के लिए एक हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है ।इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के सर्किल हेड बकुल सिक्का, गौरव जैन, विवेक ग्रोवर, मानव सेवा समाज संस्था से आशीष गिरी, जितेंद्र मुदलियार, श्याम सुंदर एवं उमा मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को खुलेंगे श्री यमुनोत्री धाम के कपाट





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

यमुनोत्री , 28 मार्च , श्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया शनिवार 22 अप्रैल को दिन में 12 बजकर 41 मिनट पर कर्क लग्न, अभिजीत मुहूर्त,कृतिका नक्षत्र में खुलेंगे। यमुना जयंती चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खुशीमठ ( खरसाली)में मंदिर समिति यमनोत्री द्वारा मां यमुना की पूजा अर्चना के पश्चात विधि विधान पंचाग गणना के पश्चात विद्वान आचार्यों- तीर्थपुरोहितों द्वारा श्री यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि तथा समय तय किया गया।

**पंचाग गणना पश्चात विधिवत घोषणा**

मंदिर समिति के पूर्व सचिव कीर्तेश्वर उनियाल ने बताया कि इस अवसर पर मां यमुना जी की उत्सव डोली के धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हुआ। शनिवार 22 अप्रैल को मां यमुना की उत्सव डोली, मां यमुना जी के भाई श्री सोमेश्वर देवता जी के साथ समारोह पूर्वक सेना के बैंड के साथ खुशीमठ से प्रातः 8 बजकर 25 मिनट पर प्रस्थान यमुनोत्री मंदिर परिसर में पहुंचेगी। अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को दिन में 12 बजकर 41 मिनट पर श्री यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जायेंगे।

**पंजीकरण साढ़े छ लाख के पार - सतपाल महाराज**

मां यमुना के कपाट भी अक्षय तृतीया के दिन खुलते है। । वही श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल प्रातः 7 बजकर 10 मिनट तथा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर तथा श्री गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया 22 अप्रैल दिन में 12 बजकर 35 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे। पर्यटन- धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा हेतु श्रद्धालुओं में उत्साह है अभी तक चारों धामों हेतु पंजीकरण की संख्या छः लाख चौंतीस हजार से अधिक पहुंच गयी है।

# सरकार का बड़ा ऐलान, 1 अप्रैल से बदल जाएंगे ये नियम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 28 मार्च : 1 अप्रैल 2023 से किन नियमों में बदलाव होने वाला है.वित्त वर्ष 2022-23 खत्म होने वाला है. इसके साथ ही नए वित्त वर्ष और अप्रैल के महीने से ही कई नए नियम भी लागू होंगे. इन नियमों का असर आम लोगों पर भी पड़ने वाला है. ऐसे में 1 अप्रैल 2023 से होने वाले नए बदलावों के बारे में जानना काफी जरूरी है. ये बदलाव वित्तीय लेनदेन, सोने के गहने आदि से भी जुड़े हुए हैं. आइए जानते हैं. कि 1 अप्रैल 2023 से किन नियमों में बदलाव होने वाला है.

31 मार्च 2023 तक पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करना जरूरी है. इसके बाद 1 अप्रैल 2023 से अगर आधार कार्ड और पैन कार्ड लिंक नहीं है तो पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा. पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाने से लोगों को इनकम टैक्स दाखिल करने में परेशानी आ सकती है और ज्यादा टैक्स भी वसूल किया जा सकता है. पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाने से लोगों को वित्तीय लेनदेन करने और इनकम टैक्स दाखिल करने में कई सारी दिक्कतें आ सकती हैं.केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय कहना है कि 1 अप्रैल से बिना हॉलमार्क विशिष्ट पहचान संख्या (HUID) के सोने के आभूषणों की बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी. उपभोक्ता के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से फैसला लिया गया है कि 31 मार्च 2023 के बाद सोने के आभूषणों और बिना




एचयूआईडी के हॉलमार्क वाले सोने की कलाकृतियों की बिक्री की इजाजत नहीं होगी.हर महीने की पहली तारीख को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल और गैस के नए दाम जारी किए जाते हैं. मार्च के महीने में ही एलपीजी के दामों में इजाफा किया गया था. ऐसे में इस बार भी संभावना है कि 1 अप्रैल को ईंधन के दामों में बदलाव देखने को मिल सकता है.

# यहां किताबों की जगह किराए पर मिलते हैं लोग

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 मार्च , अब तक आपने पुस्तक पुस्तकालय का नाम अवश्य सुना होगा। बुक्स लाइब्रेरी से आप अपनी मनपसंद किताबें ले सकते हैं लेकिन इसके अलावा यहां एक लाइब्रेरी भी है जहां आप कुछ समय के लिए इंसानों को उधार ले सकते हैं। जी हां, यह सुनने में थोड़ा अजीब और हैरान करने वाला लग सकता है, लेकिन यह सच है। इस कॉन्सेप्ट को ह्यूमन लाइब्रेरी का नाम दिया गया है। हालांकि, अवधारणा ही बहुत दिलचस्प है। इसमें आप कहानी को किताब में पढ़ने के बजाय सीधे किसी व्यक्ति से सुनते हैं।

**क्या है लिविंग लाइब्रेरी**

बता दें कि इस कॉन्सेप्ट को लिविंग लाइब्रेरी का नाम भी दिया गया है। तो, इसका मतलब यह है कि लोगों को 'ह्यूमन लाइब्रेरी' में किताबों के बजाय इंसानों को उधार देना पड़ता है, जहाँ 'इंसानों' को 'किताबें' कहा जाता है। इस अवधारणा के अनुसार, लोग दूसरे मनुष्यों से बार-बार उधार ले सकते हैं। फिर जो भी प्रश्न वे उससे पूछना चाहते हैं या अपनी भावनाओं को साझा करना चाहते हैं, वे बेझिझक ऐसा कर सकते हैं। वेबसाइट के मुताबिक अब 85 देशों में इवेंट हो चुके हैं।

**2000 से डेनमार्क के प्रयास**

आपको जानकर हैरानी होगी कि डेनमार्क का एक इंटरनेशनल एनजीओ साल 2000 से अब तक इस कॉन्सेप्ट पर काम कर रहा है। डेनमार्क में भी लोग ह्यूमन लाइब्रेरी से कुछ समय के लिए दूसरे इंसानों को उधार लेते हैं। इस लाइब्रेरी में कोई भी व्यक्ति 30 मिनट के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को चुन सकता है। इस लाइब्रेरी की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, जहां लोग बिना किसी डर के सुरक्षित तरीके से अपनी भावनाओं को साझा कर सकते हैं। लोग ओसीडी, पीटीएसडी, यौन दुर्व्यवहार, हाई आईक्यू और बुलीड जैसे विभिन्न शीर्षकों में से चुन सकते हैं।



# सीएम धामी के कुशल नेतृत्व में एक साल में हुए ऐतिहासिक फैसले : प्रेमचंद अग्रवाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 28 मार्च , सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन रायवाला में किया गया। इसमें क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने लोगों द्वारा लायी गयी 75 शिकायतों को सुना, जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारित करने को कहा। साथ ही 15 दिन के भीतर आख्या भी प्रस्तुत करने को कहा। इनमें सर्वाधिक शिकायतें पेयजल, विद्युत और वन विभाग से संबंधित रही। इस दौरान मंत्री डॉ अग्रवाल ने शिविर में लगी प्रदर्शनी और स्टॉल का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने सरकार की एक साल की उपलब्धियों को भी जनता के सम्मुख रखा।

रायवाला स्थित खेल मैदान में आयोजित बहुउद्देश्यीय शिविर का शुभारंभ मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित और कन्या पूजन कर किया। इस मौके पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री से पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में एक साल में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए गए।डॉ अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के भविष्य को देखते हुए ऐसा सख्त नकल विरोधी कानून तैयार किया है, जो पूरे देश के लिए नजीर पेश करेगा। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में क्षैतिज आरक्षण देने का विधेयक हमारी सरकार ने दिया है।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि ऐसी तमाम ऐतिहासिक चाहे धर्मांतरण काम हो, यूनिफॉर्म सिविल कोड, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बागवानी, औद्योगिक विकास, भ्रष्टाचार पर प्रहार, चारधाम सर्किट में आने वाले सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में भौतिक ढांचे और परिवहन सुविधाओं के विस्तार, पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना, इको सिस्टम सेवाएं, चारधाम ऑल वेदर सड़क योजना, भारत माला व पर्वत माला योजनायें तथा हवाई अड्डों का विकास आवागमन को आसान बनाने का कार्य जैसे फैसले हमारी सरकार ने एक साल के भीतर लिए हैं।डॉ अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने नशा आपूर्ति की श्रृंखला तोड़ने के लिए धामी सरकार ने पुलिस विभाग को और मजबूत बनाने तथा आबकारी व नशा नियंत्रक विभाग के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। हमारी सरकार प्रदेश में दो सरकारी नशामुक्ति केंद्र बनाने जा रही है, जिसमें एक रायवाला में खुलेगा। डॉ अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य कर रही है। बीते 1 साल के भीतर हमारी सरकार का राज्य का ग्रोथ रेट बढ़ाना रहा है, जिसमें हम सफल भी हो रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष रायवाला शिवानी भट्ट, ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, मुख्य विकास अधिकारी झरना कामठान, उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, प्रधान अनिल कुमार, सागर गिरी, तहसीलदार अमृता शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी जगत सिंह, उप कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह, पंचायती राज सचिव मुकेश कुकरेती, एई एनएच अमित वर्मा, लोनिवि अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार, ईई सिंचाई विभाग दिनेश चंद उनियाल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित, सहायक प्रबंधक उद्योग एस एन मिश्रा, रेंजर ऋषिकेश रविन्द्र कुमार वेदवाल आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील दत्त थपलियाल द्वारा किया गया।

**पांच अप्रैल को राशन कार्ड बनाने को लगेगा कैम्प**

रायवाला। शिविर में राशन कार्ड न बनने की समस्या अधिकांश लोगों ने उठाई जिस पर मंत्री डॉ अग्रवाल ने क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी विभूति जुयाल को 5 अप्रैल में कैंप लगाने के निर्देश दिए।

**विधायक निधि से 100 मीटर रोड बनाने की घोषणा**

रायवाला। शिविर में वार्ड नंबर 11 गौरी माफी में 100 मीटर रोड का मामला भी आया। जिस पर मंत्री अग्रवाल जी ने कहा कि इस संदर्भ में वह विधायक निधि से रोड बनाएंगे।

**स्वामित्व कार्ड के लिए तहसीलदार को दिए निर्देश**

रायवाला। शिविर में अधिकांश लोगों ने स्वामित्व कार्ड का भी मुद्दा उठाया। जिस पर मंत्री रक्त अग्रवाल ने तहसीलदार से इस संदर्भ में जानकारी ली। तहसीलदार अमृता शर्मा ने बताया कि वर्तमान में स्वामित्व कार्ड बनाने की वेबसाइट ब्लॉक हो रखी है। जिसके चलते कार्य प्रभावित है। इस पर मंत्री जी ने साइट को अनलॉक करने के लिए निर्देशित किया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में विदाई समारोह, कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**








उत्तर प्रदेश 28 मार्च : उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई समारोह मनाया गया, कार्यक्रम में सबसे पहले दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों को यह बताया गया कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। हम अपने बच्चों को शिक्षा देते हैं। यह हमारे बच्चे शिक्षित होकर अपने माता पिता जनपद के साथ पूरे राष्ट्र का नाम रोशन करें, जिससे हम लोग उनका नाम लेने में गौरव महसूस करें। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार के द्वारा यह बताया गया कि हम लोग शिक्षा सेवा के साथ-साथ अपने बच्चों को सबसे पहले राष्ट्रभक्त होने की शिक्षा देता है। इसके बाद ही हम लोगों के यहां भारतीय संस्कृति को सजाएं रखने के साथ-साथ बच्चों को सभी प्रकार की शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे हमारे बच्चे जहां भी रहे अपनी संस्कृति और सभ्यता कायम रखें। हम लोग इसी मिशन के साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुर मैं बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। आज यह बच्चे हमारे विद्यालय से दूसरे विद्यालयों में दाखिला लेने जा रहे हैं। मैं इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। और आगे भी ये बच्चे अच्छी शिक्षा प्रदान कर सकें। कार्यक्रम के दौरान मैडम अंकिता सैनी, मैडम महिमा आर्या और उदित सर ने कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं विदाई ले रहे विद्यार्थियों से आगे पढ़ाई जारी रखने की अपील की। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें उपहार देकर सम्मानित करते हुए विदा किया। सभी ने विद्यालय परिवार द्वारा किए गए प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर ठाकुर वी के सिंह और उनकी धर्मपत्नी ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कर लें तैयारी : हर तरह की मौज मस्ती है उत्तराखण्ड की इस खूबसूरत जगह पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 मार्च : वीकेंड मस्ती ख़ोरों के लिए हर हफ़्ते मस्ती के दिन का इंतज़ार रहता है ख़ास तौर से दिल्ली के आसपास रहने वालों की घूमने-फिरने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। जिसमें टॉप पर रहता है उत्तराखंड कोई शक नहीं ये जगह बेहद ख़ूबसूरत हैऔर घूमने वाली जगहों की तो यहां कमी ही नहीं। लेकिन बजट और दिनों को देखते हुए ज्यादातर लोग मसूरी, नैनीताल तक का ही प्लान बनाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं वीकेंड मस्ती के लिए यहां एक और जगह है, जो बजट में होने के साथ ही मौज-मस्ती के लिहाज से भी बेस्ट है? ये जगह है नई टिहरी।



न्यू टिहरी, उत्तराखंड की एक बेहद खूबसूरत जगह है। जो खासतौर से अपने टिहरी बांध के लिए मशहूर है। इसकी गिनती दुनिया के चुनिंदा सबसे ऊंचे बादलों में होती है। तो क्यों न इस बार उत्तराखंड के इस डेस्टिनेशन को वीकेंड में एक्सप्लोर करने का प्लान बनाएं। यहां आकर आप रिवर-राफ्टिंग, ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के भी मजे ले सकते हैं। गर्मियों के लिए तो ये बहुत ही शानदार जगह है।

**टिहरी में लें मालदीव के मजे**

मालदीव के बारे में सोचकर जो सबसे पहले इमेज नजर आती है वो है पानी में तैरते हट्स। तो टिहरी आकर आपको ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिलेगा। टिहरी झील में एक फ्लोटिंग हाउस है, पहाड़ों से घिरे इस फ्लोटिंग हाउस में ठहरने का एक्सपीरियंस ही अलग होता है। गंगा और भागीरथी नदी के ऊपर बने ये फ्लोटिंग हट्स मालदीव के फ्लोट्स हट जैसे ही नजर आते हैं। सबसे अच्छी बात कि यहां रूकने के साथ ही आप बोटिंग, बनाना राइड और पैरासेलिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के भी मजे ले सकते हैं।

**टिहरी में अन्य घूमने वाली जगहें**

**टिहरी बांध**

नेचर लवर्स से लेकर फोटोग्राफी तक के शौकीनों के लिए टिहरी बांध एक शानदार जगह है। जहां आकर आप अपने पूरे दिन को एंजॉय कर सकते हैं। टिहरी बांध एशिया का सबसे बड़ा और सबसे ऊंचा बांध है जिसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते हैं ऊंचे-ऊंचे पहाड़।

**धनोल्टी**



धनोल्टी भी उत्तराखंड का एक मशहूर हिल स्टेशन है। टिहरी आएं तो इस जगह को भी कवर करें। यहां से आप बर्फ से ढके हिमालय का दीदार कर सकते हैं। गर्मियों में यहां का मौसम बेहद सुहावना होता है।

**चंबा**

नई टिहरी के पास एक और जो खूबसूरत और घूमने लायक जगह है वो है चंबा। चारों ओर हरी-भरी पहाड़ियों से घिरी इस जगह आकर आप दोस्तों या पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।

**कैसे पहुंचे टिहरी?**

By Air- देहरादून में जॉली ग्रांट हवाई अड्डा टिहरी के लिए सबसे नजदीक हवाई अड्डा है। हवाई अड्डा 86 किमी दूर है जहां से आपको आसानी से कैसे मिल जाएगी।

By Train- टिहरी गढ़वाल से 71 किमी की दूरी पर स्थित नजदीक रेलवे स्टेशन हरिद्वार में है।

By Road- टिहरी गढ़वाल तक के लिए नार्मल और लग्जरी बसें भी उपलब्ध हैं।



# अगर ये लापरवाही की तो आपका स्मार्ट फ़ोन बन जाएगा बम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

स्मार्टफ़ोन ब्लास्ट होने की कई खबरें सामने आ चुकी हैं. कभी बैटरी की वजह से तो कभी ज्यादा गर्म होने की वजह से फोन ब्लास्ट हो जाता है. गर्मी में स्मार्टफोन ब्लास्ट के मामले बढ़ जाते हैं ब्लास्ट की वजह से यूजर्स घायल भी हो जाते हैं. ऐसे स्मार्टफोन्स को लोग आम तौर पर लोग खरीदने से बचते हैं. हालांकि हर बार ये स्मार्टफोन में खराबी की वजह से नहीं होता है. कई बार ये घटनाएं यूजर्स की वजह से भी सामने आती हैं. इस बात को गंभीरता से लेते हुए आज हम आपको ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जिनकी बदौलत आप स्मार्टफोन में ब्लास्ट होने की संभावना को कम से कम कर सकते हैं.

**गर्मी से बचाएं**


अगर आप आउटडोर में बैठे हैं और अपने स्मार्टफोन को टेबल पर ही रख देते हैं या फिर घंटों तक इसे ऐसे ही छोड़ देते हैं तो सूरज की वजह से स्मार्टफोन काफी ज्यादा हीट होने लगता है. इस हीट की वजह से स्मार्टफोन की बैटरी में प्रेशर बढ़ने लगता है.

कुछ समय बाद जब आप स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे होते हैं उस दौरान प्रोसेसर की गर्मी से ये और भी गर्म हो जाता है जिससे ये फट सकता है. अगर आप चाहते हैं कि ऐसी कोई समया आपके स्मार्टफोन के साथ ना आए तो आउटडोर में इसे सीधे खुले में नहीं रखना चाहिए.

**ज्यादा समय तक न रखें पॉकेट में**

अगर आप घंटों तक स्मार्टफोन को पॉकेट में रखते हैं तो इसकी वजह से भी ये काफी ज्यादा गर्म हो जाता है. अगर आपने पॉकेट में और भी कुछ सामान भी रखा है तो ये और तेजी से गर्म होने लगता है. इतना ही नहीं कई बार लोग बैग में सामान के साथ भी स्मार्टफोन रख लेते हैं. अगर आप भी ऐसा करते हैं तो ये आपके लिए चेतावनी है क्योंकि ऐसा करना बैटरी को स्टिम्युलेट करता है जिससे स्मार्टफोन फट जाता है.

आपको ऐसा करने से बचने की जरूरत है. ये टिप्स आप अगर फॉलो करते हैं तो इसमें ब्लास्ट होने की संभावना बेहद कम हो जाती है. हालांकि कई बार ऐसा होता है कि लोग स्मार्टफोन को बुरी तरह से इस्तेमाल करते हैं और इस वजह से इसमें समस्या आने लगती है. आपको अपने स्मार्टफोन को दुरुस्त रखने के लिए इन टिप्स को इस्तेमाल करना शुरू करें.



# अगर आप भी व्हिस्की के शौकीन हैं, तो जान लें इसके नुकसान



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 मार्च : हर साल दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय व्हिस्की दिवस मनाया जाता है। व्हिस्की एक पॉपुलर ड्रिंक है, जिसका उपयोग लोग सदियों से कई स्वास्थ्य समस्याओं को ठीक करने या फिर एंजॉय करने के लिए करते हैं।यह दिन दुनिया में व्हिस्की के योगदान का सम्मान करने और विश्व स्तर पर व्हिस्की की सराहना को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। व्हिस्की स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकती है, लेकिन इसका सेवन सीमित रखने पर। जरूरत से ज्यादा व्हिस्की आपकी सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचाने का काम करती है। तो आइए जानें व्हिस्की के फायदे और नुकसान क्या हैं ?व्हिस्की के साइड इफेक्ट्स लिवर को पहुंच सकता है नुकसानः जरूरत से ज्यादा शराब का सेवन लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। इससे लिवर फेलियर भी हो सकता है। व्हिस्की पीने से लत भी लग जाती हैः शराब की लत लगना एक गंभीर समस्या है, जो जरूरत से ज्यादा व्हिस्की के सेवन से होती है, जिससे आप शारीरिक और मानसिक तौर पर दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं। शराब का ज्यादा सेवन कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ा देता है, जिसमें लिवर, गले और स्तन का कैंसर सबसे ज्यादा देखा जाता है।हालांकि, व्हिस्की का अगर सीमित सेवन किया जाए, तो इससे आपकी सेहत को फायदा भी पहुंच सकता है। विस्की में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करते हैं और सेलुलर नुकसान से बचाते हैं।

# जानिए क्यों रिजेक्ट हो जाता है कार चोरी होने पर बीमा क्लेम



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 मार्च , अगर आप प्राइवेट कार का यूज कमर्शियल तौर पर कर रहे हैं, तो ध्यान रखिए...आपको वाहन चोरी हो जाने पर क्लेम नहीं मिलेगा। उपभोक्ता फोरम ने ऐसे ही एक केस में मुंबई के व्यक्ति के बीमा दावे को खारिज कर दिया। डिस्ट्रिक्ट कन्ज्यूमर कमिशन ने चोरी के वाहन के दावे को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका इस्तेमाल कमर्शियल कामों के लिए किया गया, जबकि बीमा कवर निजी कार पैकेज पॉलिसी के लिए लिया जाता है।

**जानिए आपके काम की खबर...**

चोरी होने से पहले नवी मुंबई निवासी ने अपनी कार किराए पर दी थी। हालांकि, जिस दिन चोरी हुई उस दिन कार निजी इस्तेमाल के लिए इस्तेमाल की गई थी। नवी मुंबई के शख्स ने बजाज से 'प्राइवेट कार' इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी पीड़ित द्वारा बजाज एलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ दायर एक शिकायत पर यह आदेश पारित किया गया था। उन्होंने दिसंबर 2017 में 4.32 लाख रुपये की मारुति ईईसीओ खरीदी थी। पीड़ित ने बजाज से 'निजी कार पैकेज बीमा पॉलिसी-private car package insurance policy' ली थी और समय पर प्रीमियम का भुगतान कर रहे थे।कार अक्टूबर 2021 में चोरी हो गई थी। पीड़ित ने बीमा कंपनी को इसकी जानकारी दी और FIR दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि कार फैमिली पर्पज के लिए थी।

हालांकि, जब उन्होंने क्लेम मांगा तो बीमा कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराकर 18 फीसदी ब्याज के साथ 2.6 लाख रुपये और मुआवजे के तौर पर 1.50 लाख रुपये की मांग की।सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी ने कहा कि सर्वेयर की रिपोर्ट के मुताबिक कार जून 2019 से मई 2020 तक और फिर 11 अक्टूबर 2019 से 10 अक्टूबर 2020 के बीच 700 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर दी गई।कार को बाद में फैमिली पर्पज के लिए इस्तेमाल किया गया था। सर्वेयर की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब कार चोरी हुई थी, तो उसका इस्तेमाल निजी इस्तेमाल के लिए किया गया था। आयोग ने कहा कि भले ही कार का इस्तेमाल निजी इस्तेमाल के लिए किया गया था, लेकिन इसने पॉलिसी के 'लिमिटेड एज टू यूज' क्लॉज को तोड़ा, जैसा कि बीमा कंपनी ने साबित किया था।

# सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाएं : भट्ट

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के बूथ सशक्तिकरण सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बूथों को मतबूत करने और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा व स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने के निर्देश दिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का नानकमत्ता आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष भट्ट और जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इसके बाद विधानसभा के नानकमत्ता व झनकट मंडल में शक्ति केंद्र, बूथ प्रभारी, केंद्र प्रभारी व पन्ना प्रमुख की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि आगामी लोकसभा व स्थानीय चुनाव में परचम फहराने के लिए अभी से जुटना होगा। उन्होंने 30 मार्च तक बूथ एवं पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति करने को कहा।

सम्मेलन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने नानकमत्ता के बूथ संख्या 10 ऐजंनिया पहुंचकर बूथ कार्यकर्ताओं से बूथ की मजबूती पर चर्चा की। यहां महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, अमित नारंग, बूथ सशक्तिकरण के जिला संयोजक अमित नारायण, श्रीपाल राणा, गौरव वर्मा, इंद्रपाल सिंह, विमला बिष्ट, हिमांशु जोशी, कामिल खान, यासीन सलमानी आदि मौजूद रहे।

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने राज्य की सुख-समृद्धि के लिए अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डेरा कारसेवा पहुंचकर डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह से भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### किसानों ने उठाई चीनी मिल का पेराई सत्र बढ़ाने की मांग

रुद्रपुर। किसानों ने आगामी 30 मार्च तक चीनी मिल का पेराई सत्र बंद होने की आशंका को लेकर गन्ना प्रबंधक से मिलकर पेराई सत्र का समय बढ़ाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा उन्हें 26 मार्च के बाद की गन्ना पर्ची मिलनी बंद हो गई है। जबकि उनके खेत में अभी काफी गन्ना खड़ा है। इधर, गन्ना प्रबंधन भरोसा दिलाया कि किसानों के पूरे गन्ने को लेने की व्यवस्था की जाएगी। सोमवार को किसानों ने चीनी मिल पहुंचकर गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह से वार्ता की। किसानों ने आरोप लगाया चीनी मिल प्रबंधन चीनी मिल का पेराई सत्र बंद करने के लिए किसानों को दो नोटिस दे चुका है। गन्ना सोसायटी ने भी आगामी 26 मार्च के बाद की गन्ना पर्ची जारी करनी बंद कर दी है। जबकि किसानों का गन्ना अब भी खेत में खड़ा है। इस अल्प अवधि में किसानों का सारा गन्ना नहीं तुल पाएगा। जिससे किसानों को नुकसान होगा। गन्ना प्रबंधक ने किसानों को उनके शेष बचे गन्ने की तुलाई करने का भरोसा दिलाया। यहां संतोख सिंह, सलविंदर सिंह, विक्रम सिंह, गंगा सिंह, निर्मल सिंह, सुक्खा सिंह, त्रिलोक सिंह बिष्ट, सर्वजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह रहे।

**पूरा गन्ना लेने के बाद ही बंद होगा पेराई सत्रः ईडी**

किच्छा। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने भरोसा दिलाया कि किसानों का पूरा गन्ना लेने के बाद ही चीनी मिल का पेराई सत्र बंद किया जाएगा।

### सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाएं : भट्ट

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के बूथ सशक्तिकरण सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बूथों को मतबूत करने और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा व स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने के निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का नानकमत्ता आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का प्रदेश अध्यक्ष भट्ट और जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा और किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इसके बाद विधानसभा के नानकमत्ता व झनकट मंडल में शक्ति केंद्र, बूथ प्रभारी, केंद्र प्रभारी व पन्ना प्रमुख की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि आगामी लोकसभा व स्थानीय चुनाव में परचम फहराने के लिए अभी से जुटना होगा। उन्होंने 30 मार्च तक बूथ एवं पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति करने को कहा। सम्मेलन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने नानकमत्ता के बूथ संख्या 10 ऐजंनिया पहुंचकर बूथ कार्यकर्ताओं से बूथ की मजबूती पर चर्चा की। यहां महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, अमित नारंग, बूथ सशक्तिकरण के जिला संयोजक अमित नारायण, श्रीपाल राणा, गौरव वर्मा, इंद्रपाल सिंह, विमला बिष्ट, हिमांशु जोशी, कामिल खान, यासीन सलमानी आदि मौजूद रहे। इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचकर मत्था टेका। उन्होंने राज्य की सुख-समृद्धि के लिए अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डेरा कारसेवा पहुंचकर डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह से भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### किसानों ने उठाई चीनी मिल का पेराई सत्र बढ़ाने की मांग

रुद्रपुर। किसानों ने आगामी 30 मार्च तक चीनी मिल का पेराई सत्र बंद होने की आशंका को लेकर गन्ना प्रबंधक से मिलकर पेराई सत्र का समय बढ़ाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा उन्हें 26 मार्च के बाद की गन्ना पर्ची मिलनी बंद हो गई है। जबकि उनके खेत में अभी काफी गन्ना खड़ा है। इधर, गन्ना प्रबंधन भरोसा दिलाया कि किसानों के पूरे गन्ने को लेने की व्यवस्था की जाएगी। सोमवार को किसानों ने चीनी मिल पहुंचकर गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह से वार्ता की। किसानों ने आरोप लगाया चीनी मिल प्रबंधन चीनी मिल का पेराई सत्र बंद करने के लिए किसानों को दो नोटिस दे चुका है। गन्ना सोसायटी ने भी आगामी 26 मार्च के बाद की गन्ना पर्ची जारी करनी बंद कर दी है। जबकि किसानों का गन्ना अब भी खेत में खड़ा है। इस अल्प अवधि में किसानों का सारा गन्ना नहीं तुल पाएगा। जिससे किसानों को नुकसान होगा। गन्ना प्रबंधक ने किसानों को उनके शेष बचे गन्ने की तुलाई करने का भरोसा दिलाया। यहां संतोख सिंह, सलविंदर सिंह, विक्रम सिंह, गंगा सिंह, निर्मल सिंह, सुक्खा सिंह, त्रिलोक सिंह बिष्ट, सर्वजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह रहे ।पूरा गन्ना लेने के बाद ही बंद होगा पेराई सत्रः ईडी

किच्छा। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने भरोसा दिलाया कि किसानों का पूरा गन्ना लेने के बाद ही चीनी मिल का पेराई सत्र बंद किया जाएगा।

### 4 वर्षीय दिव्यांशी के दिल की बीमारी का हुआ सफल ऑपरेशन

पौड़ी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नैनीडांडा निवासी धीरेंद्र सिंह की 4 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी के लिए मददगार साबित हुई। आंगनबाड़ी केंद्र सतखोलू नैनीडांडा में पंजीकृत 4 साल की दिव्यांशी के दिल का सफल ऑपरेशन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्ची बिल्कुल स्वस्थ है। दिव्यांशी की माता सुषमा देवी का कहना है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र सतखोलू में 5 दिसम्बर 2022 को स्वास्थ्य परीक्षण किया था। इसमें उनकी बेटी की बीमारी का पता चला। स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. आशीष उनियाल ने बच्ची के दिल में छेद होना बताया। डॉ.उनियाल ने दिव्यांशी के परिजनों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निशुल्क उपचार का आश्वासन दिया। बच्ची को देहरादून आने-जाने के लिए विभाग की ओर से चार हजार रुपए भी दिए गए। देहरादून कोरोनेशन अस्पताल से दिव्यांशी को चिकित्सकों ने मैडिट्रिना हार्ट चिकित्सालय देहरादून भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम बेटी के ऑपरेशन होने तक लगातार संपर्क मे रही। जहां 17 मार्च को दिव्यांशी के दिल का सफल आपरेशन किया गया।

### वाहनों की ओवर स्पीड पर होगी कड़ी कार्रवाई

पौड़ी। पर्वतीय क्षेत्रों में हादसों पर अंकुश लगाने को लेकर एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने वाहनों की गति निर्धारण को लेकर गठित समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में परिवहन सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में तय हुआ कि पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने के लिए एमवी एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि आए दिन सडक़ हादसे हो रहे है। आमजन की सुरक्षा और यातायात को सुव्यवस्थित करने के साथ ही सडक़ हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में सडक़ों की हालत, ब्लैक स्पॉटो का सुधारीकरण, सडक़ों पर खतरनाक मोड़, दुर्घटना सम्भावित स्थानों का चिन्हीकरण करने, सडक़ मार्गों पर लगे होल्डिंग व आब्जेक्ट जिनके कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में बाधा होती हो उनको हटाने की कार्यवाही की जाए। जिले के पालिका और पंचायत की सीमाओं में किसी ऑब्जेक्ट के कारण वाहन चालकों को ड्राइविंग में दिक्कत हो तो इन्हें हटाया जाए। कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर यातायात नियमों को लेकर साइन बोर्ड भी लगाएं जाएं। बैठक में पौड़ी की एडीएम ईला गिरी सहित सीओ सदर पीएल टम्टा, यातायात निरीक्षक कोटद्वार शिव कुमार, एआरटीओ निखिल शर्मा आदि ने भी हिस्सा लिया।



मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को सायं मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में प्रथम नॉर्थ वैली कप-2023 नॉक आउट फुटबाल टूर्नामेंट की विजेता टीम सिटी यंग के खिलाडियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए नई खेल नीति को लागू की गई है। खेल व्यक्ति के चहुंमुखी विकास के लिए लाभदायक हैं। खेल हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और समूह में कार्य करने की प्रेरणा भी देते हैं। मुख्यमंत्री ने विजेता टीम सिटी यंग के खिलाडियों के साथ ही उपविजेता टीम कैंट फोर्ट के खिलाड़ियों को शुभकामनायें प्रदान की। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये समिति के सदस्यों को बधाई भी दी। इस अवसर पर श्री अरविंद चौहान, श्री सुमित कुमार, श्री ऋषभ मल्होत्रा, श्री दीपक राणा, श्री पंकज बिष्ट एवं श्री विकास चौहान आदि मौजूद थे।

# A.T.M. लूटने आए बदमाशों पर भारी पड़ी हरिद्वार पुलिस






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

थाना कनखल रात्रि करीब 2.30 बजे चेतक पर नियुक्त सुनील राणा व गजय तोमर को गस्त के दौरान जगजीतपुर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के A.T.M. के अंदर से कुछ आवाजे सुनाई दी। A.T.M. के नजदीक जाने पर जेनरेटर की आड़ लिए एक लड़का दिखने पर लड़के को मौके पर पकड़ कर पूछताछ की जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एटीएम तोड़कर डकैती डालने की योजना के बारे में बताया।

इसकी सूचना तत्काल ही दोनो कर्मियों द्वारा थाने को दी गई जिस पर जल्द ही थाने से अन्य फोर्स मौके पर पहुंचा तथा एटीएम के अंदर घुसे अन्य बदमाशों को सुझबुझ दिखाते हुए पकड़ लिया। अभियुक्त काफी शातिर किस्म के हैं जिनके पास से अवैध तमंचे, एटीएम तोड़ने के लिए लाई गई हथौड़ी,कुल्हाड़ी ,मिर्ची पाउडर व अन्य सामान बरामद हुआ। अभियुक्तों द्वारा एटीएम मशीन तोड़ ली गई थी, इससे पहले कि ये लोग पैसे निकालते पुलिस में इनको दबोच लिया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 380,398,399,400,402,427,457,511 आईपीसी तथा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर अदालत में पेश किया जा रहा है। बैंक प्रबंधन से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि एटीएम मशीन में वर्तमान में 13,54,000 रुपए थे ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1- अमन पुत्र मुकेश निवासी मुंडाखेड़ा लक्सर 2 अभिषेक पुत्र सीधक सिंह निवासी मुंडाखेड़ा लक्सर 3 विशाल पुत्र रवि निवासी फेरपुर पथरी 4 दीक्षांत पुत्र विनोद निवासी फेरपुर पथरी5 नरेश पुत्र सेवाराम निवासी फेरपुर पथरी

**बरमदा सामान-**

1- 2 तमंचे नाजायज 12 एवं 15 बोर2- 2 जिंदा कारतूस3- 1 कुल्हाड़ी4- 1 हथौड़ी5- 1 छेनी6- 2 टूटे सीसीटीवी कैमरे 7- 1 सिक्योरिटी लॉक सिस्टम

पुलिस टीम-

1 एसआई नरेश राठौड़ थानाध्यक्ष कनखल2 एसआई अंशुल अग्रवाल 3 एसआई भजराम चौहान 4 एचसी सुनील राणा 5 कॉ0 गजय तोमर 6 कॉ0 संतोष 7 कॉ0 बालकराम 8 कॉ0 महावीर

# सूचना देने वाले को मिलेगा 50 हजार का पुरस्कार : जिलाधिकारी, सोनिका



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून दिनांक 27 मार्च 2023 (जि.सू.का), जिलाधिकारी/जिला समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेट में पीसीपीएनडीटी- जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रसव पूर्व भूर्ण का लिंग उजागर करने वाले अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र तथा जांच कराने वाले लोगों का प्रमाण सहित सूचना देने वालों को 50 हजार का ईनाम दिया जाएगा तथा उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इसकी सूचना आपदा कन्ट्रोलरूम के नम्बर 01352626066 पर देने को कहा। उन्होंने समिति के सदस्यों को निरन्तर छापेमारी अभियान चलाने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र का नियमित निरीक्षण के साथ ही समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्तियों के माध्यम से क्षेत्र में गर्भधात्री महिलाओं की का विवरण के साथ प्रसव के उपरान्त आंकड़े आशा पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि जो प्रसव घर पर हो रहे हैं उनके अद्यतन आंकड़े एकत्रित कर आशा पोर्टल में दर्ज करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भाधान पूर्व एवं प्रसव पूर्व निधान तकनीक का दुरूपयोग न हो इसके लिए समिति अपने स्तर पर भी गोपनीय सूचना एकित्रत करें तथा यदि कोई नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो उसे विरूद्ध अधिनियम के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही की जाए। समिति द्वारा 4 केन्द्रो का नवीनीकरण, तीन नये केन्द्रो का पंजीकरण, 19 केन्द्रों पर स्थापित नई अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं सीटी स्कैप मशीन का पंजीकरण (फार्म बी) में दर्ज आवेदन पर निर्णय तथा 05 केन्द्रों पर अल्ट्रासाउण्ड मशीन को निष्प्रोज्य करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, प्रमुख परामर्शदाता रेडियोलॉजिस्ट डॉ मनोज उप्रेती, डॉ शालिनी डिमरी, संयुक्त निदेशक विधि जी.सी पंचैली, जिला शासकीय अधिवक्ता जे.पी रतूड़ी, डॉ0 नीतू तोमर, डॉ ममता बहुगुणा, समाज सेवी संस्था से सुश्री अर्चना ग्वाड़ी एवं श्रीमती अमिता भण्डारी गुंसाई सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# विधायक बृजभूषण गैरोला की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का किया आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के फलस्वरूप प्रदेश स्तर 'जन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है, जिसके अन्तर्गत एक साल बेमिशाल कार्यक्रम के तत्वाधान में विधानसभा डोईवाला में माननीय विधायक डोईवाला श्री बृजभूषण गैरोला की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 से अधिक विभागों द्वारा अपने स्टाल लगाए गए तथा विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी एवं सामग्री उपस्थित लोगों को दी गई। कार्यक्रम में सफल किसानों, उद्यान पतियों, मत्स्य पालको तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं सामग्री आदि वितरित की गई। बहुउद्देशीय शिविर में पंचायतीराज विभाग, समाज कल्याण विभाग, जल संस्थान, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, डेयरी विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गए थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय विधायक डोईवाला द्वारा सरकार की 1 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा विधानसभा डोईवाला में किए गए कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महिला मंगल दल बड़ोंवाला जोलीग्रान्ट की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग




प्रस्तुतियां दी गई। शिविर में स्थानीय लोगों द्वारा 26 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई जिन्हें संबंधित विभागों को निरीक्षण एवं सत्यापन के उपरांत निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रस्तुतीकरण मंच से किया गया तथा लाभार्थियों को चेक तथा सामग्री आदि वितरित की गई। विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले किसानों , उद्यान पतियों आदि को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।इ स अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ शिव कुमार बरनवाल , उप जिलाधिकारी डोईवाला शैलेन्द्र नेगी, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, तहसीलदार डोईवाला मोहम्मद शादाब, अपर खंड विकास अधिकारी डोईवाला कुंवर सहित अनेक विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# डीआईजी दलीप सिंह कुंवर ने किया थाना रानीपोखरी का वार्षिक निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 28 मार्च , पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुँवर ने थाना रानीपोखरी का वार्षिक निरीक्षण, एवं नव सृजित आगंतुक कक्ष एवं स्मार्ट बैरिक का उद्घाटनकिया ।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून, दलीप सिंह कुंवर ने थाना रानी पोखरी का वार्षिक निरीक्षण किया और थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, बंदी हवालात, मालगृह, सीसीटीएनएस कक्ष, थाना भोजनालय, व थाना परिसर का निरीक्षण किया । सीसीटीएनएस के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए उन्होंने लम्बित नागरिक सेवाओं, डाटाबैंक सेवाओं, सी0एम0 पोर्टल के माध्यय से प्राप्त लम्बित शिकायतो तथा गौरा शक्ति एवं उत्तराखण्ड पुलिस एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को सेवा के अधिकार अधि0 के अन्तर्गत निर्धारित की गई समयावधि के भीतर त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही पुलिस कार्यालय से प्राप्त क्राईम किट बॉक्स, सेक किट व अन्य आपराधिक घटनाओं में प्रयुक्त साक्ष्य संकलन के लिए दी गयी मशीनरी का शत-प्रतिशत प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान डीआईजी ने थाने के शस्त्रों व मालों के निरीक्षण के





दौरान थाने पर लंबित पड़े पुराने मालों के त्वरित निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया ।

पुलिस उपमहानिरीक्षक ने थाना परिसर में ही जन सहयोग से नवनिर्मित स्वागत एवं आगंतुक कक्ष तथा स्मार्ट बैरक तथा महिला विश्राम कक्ष का उद्घाटन किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने सलामी गार्ड की साज-सज्जा एवं राइफल ड्रिल तथा थाना परिसर एवं थाना कार्यालय का रखरखाव साफ सफाई उच्च कोटि की पाये जाने पर थानाध्यक्ष रानीपोखरी, सलामी गारद में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी गणों एवं कार्यालय स्टाफ को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की । आगामी जी 20 समिट को लेकर भी थाना परिसर की साफ-सफाई सौंदर्य करण एवं थाने का रखरखाव उच्च कोटि का रखने को निर्देशित करते हुए किये जाने वाले आवश्यक कार्य पूर्ण करने के लिए समय से पत्राचार करने को निर्देशित भी किया । निरीक्षण के दौरान , पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी डोईवाला, प्रभारी निरीक्षक डोईवाला, थानाध्यक्ष रानीपोखरी, व अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### इसरो की उड़ान

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो ) ने देश के सबसे बड़े लॉन्च व्हीकल मार्क श्री के प्रक्षेपण के साथ एक नया इतिहास रच दिया है. आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थिति सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से हुए इस व्यावसायिक प्रक्षेपण में 36 उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है. प्रक्षेपण वाहन की लंबाई 43.5 मीटर है तथा उपग्रहों का वजन 5,805 किलोग्राम है. ये उपग्रह ब्रिटेन की एक दूरसंचार कंपनी के हैं, जिसमें एक बड़ी भारतीय कंपनी की भागीदारी भी है. इस कंपनी के 36 उपग्रहों को पिछले साल अक्टूबर में भी प्रक्षेपित किया गया था. इसरो वैश्विक स्तर की एक महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान तो है ही, यह अपनी वाणिज्यिक कंपनी न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कई देशों और कंपनियों के उपग्रहों को विकसित और प्रक्षेपित करने का काम भी करती है. कम लागत के साथ क्षमतागत विश्वसनीयता के कारण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष बाजार में इसरो की साख लगातार बढ़ती जा रही है. रविवार की उपलब्धि उसकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करने के साथ उसकी व्यावसायिक सेवाओं की मांग को बढ़ाने में भी मददगार साबित होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत जून, 2020 में अंतरिक्ष के क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोला था. आगामी दशक में विभिन्न प्रयोजनों के लिए 20 हजार से अधिक उपग्रहों के प्रक्षेपण की संभावना है. इसके लिए बड़ी संख्या में रॉकेट भी आवश्यक होंगे. साथ ही, अभियानों से जुड़े कार्यों, सेवाओं और उपकरणों की मांग भी बढ़ेगी. ऐसे में इसरो के आदर्श नेतृत्व तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी से अंतरिक्ष अनुसंधान का भी विस्तार होगा तथा रोजगार के अवसरों व उद्यमों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी. हाल के वर्षों में देखें, तो इसरो ने एक से बढ़कर एक कीर्तिमान स्थापित किये हैं. वर्ष 2017 में एक ही अभियान में 104 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजा गया था, जो एक वैश्विक कीर्तिमान है. इससे पहले 2014 में पहले ही प्रयास में इसरो का यान मंगल ग्रह पहुंचा था. भारत ऐसी सफलता पाने वाला पहला देश है. चांद मिशन भी उत्कृष्ट अभियान था. इनसैट मिशन के तहत कई उपग्रह दूरसंचार, प्रसारण, मौसम की जानकारी आदि कई उद्देश्यों को पूरा करते हैं. इसरो की सेवाओं से कई देश लाभान्वित होते हैं.

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# SSP पौड़ी ने पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की गति सीमा के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की गोष्ठी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 28 मार्च : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा पर्वतीय मार्ग पर गति सीमा निर्धारण हेतु जनपद स्तर पर गठित समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसके तहत जनपद के नगर पालिका/नगर पंचायत की सीमा के अन्दर पर्वतीय क्षेत्रों में निर्धारित गति सीमा निर्धारण, सड़क मार्गों की भौगोलिक स्थिति, सड़क मार्ग तीव्र चढ़ाई एवं ढालदार, खतरनाक मोड़, ब्लैक स्पॉट का सुधारीकरण, सड़कों पर खतरनाक मोड़ों, दुर्घटना संभावित स्थानों का चिन्हीकरण करने, सड़क मार्गों पर लगे होर्डिंग/ऑब्जेक्ट जिनके कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में बाधा उत्पन्न होती है उनको हटाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



साथ ही महत्वपूर्ण स्थानों पर सर्व संबंधित को साइन बोर्ड लगाकर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नियमों का कड़ाई से पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया। निर्धारित गति सीमा का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त समिति में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे अध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी पौड़ी सदस्य, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, पौड़ी सदस्य, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कोटद्वार सदस्य, सम्भागीय निरीक्षक (प्र0वि0) पौड़ी सदस्य हैं।



उक्त मीटिंग में अपर जिलाधिकारी इला गिरी, क्षेत्राधिकारी सदर पौड़ी प्रेमलाल टम्टा, यातायात निरीक्षक कोटद्वार शिव कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी निखिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सावधान ! लड़कियां फोन पर देती हैं नौकरी का झांसा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 मार्च , हर साल सैकड़ों बच्चे अलग-अलग कॉलेज से बाहर निकलते हैं इस उम्मीद पर कि अब उनकी पढ़ाई पूरी हो चुकी है, जल्द से जल्द जॉब शुरू करेंगे। ऐसे में कई बार जल्दबाजी और नौकरी की चाहत की वजह से वो बन जाते हैं ठगी के शिकार। खासकर तब जब पहले ही ऐसा जाल बिछाया गया हो जिसका मकसद ही जॉब के नाम पर फंसाना हो।

**नौकरी के नाम 250 लोगों को लगाया चूना**

बीते दिनों दिल्ली के द्वारका में एक ऐसे ही कॉल सेंटर का पर्दाफाश हुआ जो नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को फंसाया करता था। पढ़े-लिखे इंजीनियर, अकाउंटेंट इसके झांस में आकर अपने लाखों रुपये गंवा चुके हैं। करीब 250 लोगों को दिल्ली के इस कॉल सेंटर ने बड़ा चूना लगा दिया है। इस कॉल सेंटर को चार लोग मिलकर चला रहे थे, जिनमें एक लड़की भी शामिल थी जबकि इस स्कैम का मास्टरमाइंड एक इंजीनियर था। ऐसी ही फ़र्ज़ी कालिंग फ्रॉड का किस्सा अक्सर अलग अलग शहरों से सुनाई देता है जिसमें फंसने वाले पढ़े लिखे बेरोज़गार होते हैं।

**ठगी करने में ख़ास होती है लड़की की आवाज़**

सबसे पहले कॉल सेंटर की शातिर लड़की ऐसे लोगों को फोन करती है जिनको जॉब की तलाश होती है। खासकर इंजीनियरिंग कॉलेज से निकले छात्रों को। ये फोन करके बताती है कि इन प्लेसमेंट कंपनी छात्रों को बड़ी-बड़ी एमएनसी या आईटी फर्म में जॉब दे सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे छात्र बड़ी ही आसानी से इनके झांसे में आ जाते। उसके बाद छात्र से कुछ रजिस्ट्रेशन फीस कंपनी के अकाउंट में ट्रांसफर की जाती। इसी के वाद लड़की का फंदा काम कर जाता है और फ्रॉड का खेल कामयाब हो जाता है





**देश भर में चल रहा फर्जी कॉल सेंटर !**

अब ऐसे शातिराना कॉल सेंटर बड़ी लालच देकर लड़कियों को कालिंग के लिए रखते है जो रोजाना अपना शिकार साइबर वर्ल्ड में खोजती और उन्हें मीठी आवाज़ और बड़ी ऑफर में उलझा लेती हैं और ये लोग बकायदा छात्रों के जॉब के लिए उनका लिखित टेस्ट और इंटरव्यू भी करते हैं ।

ऐसा लगता ही नहीं कि कोई फर्जीवाड़ा हो रहा है। इसके बाद ये उन लोगों से तीन महीने की सैलरी के बराबर पैसा ले लेते, ये बोलकर कि नौकरी लगने के एक साल बाद ये पैसा वापस कर दिया जाएगा। ऐसे करके ये गैंग बड़ी संख्या में लोगों को अपने जाल में फंसा कर लूट करते हैं ।

**नौकरी के नाम पर कैसे ऐंठते हैं लाखों रुपये**

दिल्ली पुलिस के इस केस को ही समझ लीजिये जहाँ कुछ दिन पहले मनीष गुप्ता नाम के एक लड़के ने इस कॉल सेंटर की शिकायत की। मनीष भी इस कॉल सेंटर की ठगी का शिकार बना था।

उसे पहले रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1500 रुपये रखवाए गए थे। उसके बाद उसका टेलिफोनिक इंटरव्यू हुआ और फिर उसे ऑफर लेटर भेज दिया गया। ऑफर लेटर भेजने के बाद कंपनी ने मनीष का ट्रस्ट जीत लिया था और फिर उससे करीब 70 हजार रुपये की मांग की गई। उसने इस कॉल सेंटर को वो पैसा दे दिया, लेकिन जॉब का कोई पता नहीं था। मनीष को समझ आ गया था कि उसके साथ ठगी हुई है। ये एक उदाहरण है जिनकी संख्या आज देशभर में अनगिनत है।

**महंगे और पॉश इलाके के फ्लैट पर चलता है कॉल सेंटर**

ज्यादातर फ़र्ज़ी कॉल सेंटर की जब हकीकत सामने आती है और पुलिसिया कार्यवाही में खुलासा होता है तो पता चलता है कि कुछ बेहद शातिर और आईटी एक्सपर्ट युवा लड़कियों की मदद से जॉब देने की आड़ में फर्जी कॉल सेंटर को चलाते हैं। ये लोग नकली सिम और कई बैंक अकाउंट खोले हुए होते हैं जहाँ ये पैसा ट्रांसफर करवाते हैं। इस तरह से हर महीने लाखों रुपये की काली कमाई करते हैं कानून की पकड़ में आते ही जब इनका भंडाफोड़ होता है तो पढ़े लिखे पीड़ितों की कहानिया सामने आती है जो समाज के लिए एक चेतावनी बन जाती है।

# बैंक कस्टमर्स के लिए ये खबर जरूरी है, ताकि अलर्ट रहें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 28 मार्च , यह खबर उन सभी बैंक कस्टमर्स के लिए है, जो हर बैंक कर्मचारी को 'ईमानदार' जान आंख मूंदकर भरोसा कर लेते हैं। मुंबई में एक और ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड का मामला सामने आया है। इसमें एक बैंक कर्मचारी ने ही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन में मदद के नाम पर एक लेडी कस्टमर से ठगी कर ली। मुंबई की एक 26 वर्षीय महिला ने पिछले दिनों पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि जिस बैंक में उसने अपना अकाउंट खोला है, वहां के एक कर्मचारी ने उसके 7.5 लाख रुपये निकाल लिए।

शिकायत दर्ज होने के बाद मुंबई पुलिस ने बैंक की मलाड (पूर्व) ब्रांच में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के कर्मचारी दिनेश बैसाणे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले की डिटेल्स देते हुए पुलिस ने बताया कि बैसाने ने ही पीड़िता जानकी चौबे को इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग से फ्रेंडली कराया था। इसकी आड़ में उसने यूजर आईडी और पासवर्ड नोट कर लिए थे। यह उनके पति का अकाउंट था।पुलिस ने कहा कि कांदिवली (पूर्व) में रहने वाली जानकी चौबे अक्सर बैसाने से पेमेंट स्लिप को ठीक से भरने में मदद करने के लिए कहती थीं। बैसाने उन्हें पैसे गिनने, पर्ची भरने और बैलेंस अमाउंट को नोट करने में मदद कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि हर बार जब महिला कस्टमर किसी बैंक जाती थी, तो लेन-देन को संभालने और ओटीपी प्रोवाइड कराने के लिए बैसाने जानबूझकर उनका फोन नीचे रखवा लेता था।हालांकि, एक दिन जानकी जब पिछले साल 26 दिसंबर को पैसे जमा करने के लिए अपने दोस्त के साथ बैंक आईं, तब उन्हें एहसास हुआ कि कुछ ठीक नहीं है। पासबुक अपडेट करने के बाद उन्होंने देखा कि उसके पति के अकाउंट में केवल 5 लाख रुपये थे, जबकि राशि लगभग 12 लाख रुपये होनी चाहिए थी। यह देखने के तुरंत बाद महिला कस्टमर ने बैसाने से बैलेंस कम होने के बारे में पूछा, तब उसने टालमटोल जवाब देते हुए कहा कि पासबुक प्रिंटिंग मशीन में कोई समस्या हो सकती है।





**आखिर पकड़ा गया 420 बैंक कर्मचारी**

कुछ दिनों बाद जानकी चौबे ने फिर से बैंक आकर बैसाने से बैंक स्टेटमेंट मांगा। तब उसने धोखाधड़ी करके दिखाया कि खाते में 12,26,259 रुपये हैं। हालांकि जब रकम पासबुक से मैच कराई गई, तो बैसाने का फ्रॉड सामने आ गया। इसके बाद महिला ग्राहक बैंक मैनेजर से मिलने गई। मैनेजर ने उन्हें वास्तविक बैंक स्टेटमेंट दिया, जिसमें खाते में केवल 5,29,046 रुपये थे। बैंक स्टेटमेंट की जांच के बाद सामने आया कि क्रेडिट कार्ड भुगतान की आड़ में कई संदिग्ध लेनदेन हुए हैं। पुलिस ने कहा कि उसके खाते में 7,63,196 रुपये के करीब 12 फर्जी लेनदेन किए गए।पीड़ित द्वारा 6 मार्च को शिकायत दर्ज करने के बाद बांगुर नगर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और सूचना और प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 डी (कंप्यूटर संसाधन का उपयोग करके धोखाधड़ी) के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया।